# उत्कृष्ट शिक्षा केंद्र शिक्षा केंद्र संजौली में हिंदी उत्सव




राजकीय महाविद्यालय संजौली में हिंदी विभाग द्वारा हिंदी उत्सव का आयोजन किया गया , जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य समेत सभी प्राध्यापक तथा भारी तादाद में विद्यार्थी मौजूद रहे। कार्यक्रम में जहां हिंदी पखवाड़े के तहत आयोजित की गई भाषा एवं साहित्य की गतिविधियों की प्रदर्शनी लगाई गई ,वहीं कुछ चुनिंदा अकादमी कार्यक्रम भी हुए । साथ ही विभिन्न संस्कृतियों का सम्मिश्रण करते हुए विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया । महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ चन्द्रभान मेहता ने इस अवसर पर कहा कि इस देश में चाहे सारा लेखा-जोखा अंग्रेजी में हो रहा है, लेकिन व्यवहार की भाषा हिंदी ही है और आगे भी जन भाषा हिंदी ही रहेगी । हिंदी विभाग के अध्यक्ष डॉ कामना नेगी ने कहा की शिक्षा और रोजगार के लिए हम चाहे किसी भी भाषा का प्रयोग करें। लेकिन हमारे आंतरिक भाव हिंदी में ही प्रकट होते हैं। ह डॉ सत्यनारायण स्नेही ने कहा इस देश में भारतीय सभ्यता का विकास ईश्वरीय सत्ता और देवीय अवधारणाओं से विकसित होता है। जहां प्रकृति की भी पूजा की जाती है, छोटी-छोटी खुशियों के उत्सव मनाए जाते हैं ,वहां भाषाई उत्सव भी अपनी अस्मिता को पहचानने के लिए जरूरी है। कार्यक्रम का सफल संचालन सहायक आचार्य डॉ बवीता ठाकुर ने किया।